# HINDI – A
## ( New Syllabus )
## 2024

Total Time : 3 Hours 15 minutes ] [ Total Marks : 80

✪ ***संक्षिप्त तथा बिंदुवार (सटीक) उत्तर के लिए विशेष अंक दिया जायेगा। वर्तनी अशुद्धि, अव्यवस्थित तथा खराब लिखावट के मामले में अंक काटा जायेगा। उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।***

2024

**निर्देश :**

- इस प्रश्न पुस्तिका में **8** पृष्ठ हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिये गये निर्देशानुसार ही दें। प्रश्नों के उत्तर केवल मुख्य उत्तर पुस्तिका में ही देना होगा, अन्यत्र कहीं नहीं।

**उत्तर पुस्तिका में बहु विकल्पीय प्रश्न (MCQ) तथा लघु उत्तरीय प्रश्न (SAQ) के उत्तर प्रदत्त निर्दिष्ट मुद्रित TABLE पर लिखें।**

## (बहु विकल्पीय प्रश्न )

1. इस अंश के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं : 1 × 22 = 22

### ( गद्य )

(i) दरिया दिल आदमी थे, पाया सो लुटाया। — वे कौन थे ?

(a) कालिदास (b) रहीम

(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) याज्ञवल्क्य ।

(ii) वह आइंस्टाईन की बात करता है — 'वह' कौन है ?

(a) यशराज (b) ईश्वरी

(c) मुक्तिबोध (d) श्रीराम ।

(iii) आज नाटी इमली का भरत मिलाप है — पाठ का नाम क्या है ?

(a) नशा (b) भाई-बहन

(c) कुटज (d) मलबे का मालिक ।

(iv) तमीज और अदब तो इनके रक्त में मिल गया है। — वक्ता कौन है ?

(a) वीर (b) ईश्वरी

(c) रियासत अली (d) ठाकुर ।

(v) उसने उस मकान को शुद्ध करने के लिए हवन सामग्री भी ला रखी थी। 'उसने' से किसे इंगित किया गया है ?

(a) रक्खे पहलवान (b) मनोरी

(c) लच्छे (d) अब्दुल गनी ।

(vi) मन के विकल्प क्या हैं ?

(a) सेवक-सेव्य भाव (b) उपकार और अपकार

(c) दुख और सुख (d) कृतज्ञता और कृतघ्नता ।

### ( पद्य )

(vii) कबीर के गुरु कौन थे ?

(a) रामानुजाचार्य (b) वल्लभाचार्य

(c) रामानन्द (d) कृष्णानंद ।

(viii) आगे कह मृदु बचन बनाई । पाछे अनहित मन कुटिलाई । कथन किसके लिए है ?

(a) मित्र (b) कुमित्र

(c) सज्जन (d) दुर्जन ।

(ix) विरहाकुल कमनीय कंठ से क्या निकल पड़ता है ?

(a) एक विहाग (b) चुप-चुप ध्वनि

(c) मधुर-मधुर ध्वनि (d) इनमें से कोई नहीं ।

(x) एक सेकिंड और बिन चीखे मरता है

(a) सन्नाटे में (b) घर में

(c) शोर में (d) इनमें से कोई नहीं ।

(xi) 'पीर' की तुलना किससे की गई है ?

(a) नदी से (b) पर्वत से

(c) पहाड़ से (d) इनमें से कोई नहीं ।

(xii) सहस्रबाहु दसबदन आदि नृप, बचे न काल बली ते । — रचना किस संग्रह से ली गई है ?

(a) कवितावली (b) विनय पत्रिका

(c) किष्किंधा कांड (d) दोहावली ।

( हिन्दी साहित्य का इतिहास )

(xiii) हिन्दी का प्रथम समाचार पत्र था

(a) उदंत मार्त्तण्ड (b) अखबारे चुनार

(c) सुधाकर (d) समाचार सुधावर्षण ।

(xiv) खड़ी बोली को परिमार्जित करने का श्रेय किसको दिया गया है ?

(a) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (b) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(c) सोहन लाल द्विवेदी (d) श्रीधर पाठक ।

(xv) छायावाद स्थूल के विरुद्ध सूक्ष्म का विद्रोह है — किसका कथन है ?

(a) निराला (b) पंत

(c) डॉ० नगेन्द्र (d) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ।

(xvi) 'सतरंगे पंखोवाली' किसकी रचना है ?

(a) केदारनाथ अग्रवाल (b) नागार्जुन

(c) त्रिलोचन (d) दुष्यंत कुमार ।

(xvii) दिनकर की किस कृति को साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया ?

(a) उर्वशी (b) हुंकार

(c) संस्कृति के चार अध्याय (d) रश्मिरथी ।

( पारिभाषिक शब्दावली )

प्रत्येक अंग्रेजी शब्द का सही विकल्प निर्देशित कीजिए :

(xviii) Entitled

(a) दरकार (b) दमदार

(c) हकदार (d) रसूखदार ।

(xix) Concurrence

(a) टंकण (b) संगोष्ठी

(c) मिसिल (d) सहमति ।

(xx) Enclosed

(a) स्वागती (b) सहमति

(c) संदर्शन (d) संलग्न ।

(xxi) Testimonial

(a) प्रशंसा पत्र (b) राज पत्र

(c) पद प्राप्ति पत्र (d) आलोचनात्मक पत्र ।

(xxii) Circular

(a) तदर्थ (b) परिपत्र

(c) बट्टा (d) कनिष्ठ ।

( लघु उत्तरीय प्रश्न )

2. नीचे दिए गए गद्य-पद्य से **चार-चार** प्रश्नों के उत्तर अनधिक **पाँच-छः** शब्दों में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

( गद्य )

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) इस गिरिकूट बिहारी का नाम क्या है ? ये कहाँ उत्पन्न होता है ?

(ii) यशराज के चेहरे पर हमेशा शनीचरी क्यों छाई रहती है ?

(iii) मातृ भंडार के संस्थापक कौन हैं ? वहाँ क्या चीजें मिलती हैं ?

(iv) दोनों ने मेरी ओर अपरिचित नेत्रों से देखा — यह कथन किस संदर्भ में कहा गया है ?

(v) कितने साल बाद वे लाहौर से अमृतसर आए थे ?

(vi) भारतीय संस्कृति का क्या संदेश है ?

( पद्य )

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(vii) जामे में दो न समाँहि — यहाँ 'दो' से क्या तात्पर्य है ?

(viii) तिन्हहिं बिलोकत पातक भारी — किसे देखकर पातक लगता है ?

(ix) 'संध्या-सुंदरी' कविता कवि के किस संग्रह से ली गई है ?

(x) अनागत से मुझे यह खबर आती है — 'खबर' क्या है ?

(xi) हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए — यहाँ 'आग' से क्या तात्पर्य है ?

(xii) मनुष्य किससे हारेगा ?

---

## ( विषयनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न )

3. प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में लिखिए । किसी **एक** खण्ड के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। $5 \times 2 = 10$

**खण्ड – क**

(i) कुटज निबन्ध के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहता है ?

(ii) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

यदि ज्ञान और बोध की बुनियाद गलत हुई, तो भावनाओं की इमारत भी बेडौल और बेकार होगी ।

**खण्ड – ख**

(i) 'मलबे का मालिक' विभाजन की विभीषिका का कटु यथार्थ है — इसको स्पष्ट कीजिए । https://www.westbengalboard.com

(ii) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

संसार में जहाँ कहीं प्रेम है, सब मतलब के लिए ।

4. प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में लिखिए । किसी **एक** खण्ड के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है । $5 \times 2 = 10$

**खण्ड – क**

(i) जीवन की निस्सारता संबंधित कबीर के विचारों का विश्लेषण कीजिए ।

(ii) ससंदर्भ आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए :

बुझै न काम-अगिनि तुलसी कहुँ, विषय-भोग बहु घी ते ।।

## खण्ड – ख

(i) 'अवकाशवाली सभ्यता' का कथ्य स्पष्ट कीजिए ।

(ii) ससंदर्भ आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए :

सखी नीरवता के कन्धे पर डाले बाँह
छाँह सी अम्बर-पथ से चली ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (प्रश्न का उत्तर अधिकतम **200** शब्दों में हो) : 5 × 2 = 10

(i) भारतेन्दु युगीन काव्य-प्रवृत्तियों को संक्षेप में लिखिए ।

(ii) महादेवी वर्मा के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालिए ।

(iii) खड़ी बोली हिन्दी के विकास के दो प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए ।

(iv) टिप्पणी लिखिए (किन्हीं **दो** पर) :

(a) नागार्जुन

(b) अज्ञेय

(c) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(d) जयशंकर प्रसाद ।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **300** शब्दों में हो) : 10 × 1 = 10

(i) बाढ़ की विभीषिका पर रिपोर्ताज लिखिए ।

(ii) इंटरनेट के अत्यधिक प्रयोग का बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव पर अपनी छोटी बहन को पत्र लिखिए ।

(iii) सड़कों की दुर्व्यवस्था की समस्या पर नगर निगम अधिकारी को एक पत्र लिखिए ।

7. (क) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए (कोई दो) : 1 × 2 = 2

(i) लोगों को दीक्कत नहीं हुआ ।

(ii) बेगारों ने हमारी लगेज उठायी ।

(iii) दुनिया रस चुस लेती है ।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को यथानिर्देश बदलकर लिखिए ( कोई दो ) : 1 × 2 = 2

(i) जिसका मन अपने वश में नहीं वही दूसरे के मन का छन्दावर्त्तन करता है । (मिश्र वाक्य)

(ii) ज्ञान और बोध के आधार पर ही भावना की इमारत खड़ी है । (संयुक्त वाक्य)

(iii) जो दूसरे किसी को नीचा दिखाना चाहता है वह पहले आप ही नीचा देखता है। (सरल वाक्य)

(ग) यथानिर्देश उत्तर दीजिए : $1 \times 6 = 6$

(i) संधि-विच्छेद कीजिए ( कोई दो ) :

हिमाच्छादित, निरभ्र, प्रत्येक । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) समास विग्रह कीजिए ( कोई दो ) :

झाड़-झंखाड़, महाविद्यालय, तिमंजिला । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) उपसर्ग तथा मूल शब्द पृथक कीजिए ( कोई दो ) :

अविच्छेद्य, दुतरफा, अतिशयोक्ति । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) प्रत्यय पृथक कर मूल शब्द लिखिए ( कोई दो ) :

संशोधित, कुटिलाई, कुलीनता । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से कोई दो कारक चुनिए : $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(a) संस्कृत भाषा ने शब्दों के संग्रह में कभी छूत नहीं मानी ।

(b) अपने देश की भलाई के लिए उपाय विचारो ।

(c) बिजली के खंभे के पास थोड़ी धूप थी ।

(vi) किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखिए :

बगलें झाँकना, कतर ब्यौंत करना, गरदन उठाना । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

============